Seat No. : _______________

# MF-201(H)

**May-2025**

**B.Com., Sem.-II**

**CC-108 : Accountancy-II**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. निम्न सूचनाओं से मि. संदीपभाई की किताबों में ता. 31-3-2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 12% डिबेन्चर खाता तैयार कीजिए : **14**

(1) 1-4-2023 को आरंभिक शेष :

दार्शनिक कीमत ₹ 2,50,000

लागत मूल्य ₹ 2,25,000

(2) ब्याज चुकाने की तारीख : 30 जून एवं 31 दिसम्बर

(3) दलाली खरीद–विक्रय के प्रत्येक व्यवहार पर 1% देय है ।

(4) वर्ष दौरान व्यवहार निम्न हैं :

| तारीख | दार्शनिक कीमत ₹ | मूल्य ₹ | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 01-07-2023 | 1,00,000 | 99 | ब्याज सहित खरीदी |
| 16-08-2023 | 2,00,000 | 102 | ब्याज सहित विक्रय |
| 01-10-2023 | 1,50,000 | 97 | ब्याज रहित खरीदी |
| 01-03-2024 | 1,00,000 | 105 | ब्याज रहित विक्रय |

(5) निवेशों के अंतिम शेष का मूल्यांकन FIFO पद्धति द्वारा किया जाना है ।

**अथवा**

1. निवेश के संदर्भ में निम्न व्यवहारों के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए : **14**

(1) जब निवेश खरीदा जाए तब

(2) जब निवेश का विक्रय किया जाए तब

(3) जब निवेश पर ब्याज प्राप्त हो तब

(4) जब निवेश के विक्रय पर लाभ हो तब

(5) जब निवेश के विक्रय पर हानि हो तब

(6) जब निवेश खाता बंद किया जाए तब

(7) जब निवेश के अंतिम शेष पर ब्याज उपार्जित हो तब

2. ता. 30-4-2023 को मनीष के गोदाम में आग लगी । निम्न सूचनाओं से दावे की राशि की गणना कीजिए : **14**

| विवरण | 2020 ₹ | 2021 ₹ | 2022 ₹ | 30-4-2023 तक ₹ |
|---|---|---|---|---|
| खरीदी | 1,80,000 | 2,33,000 | 1,98,000 | 66,000 |
| विक्रय | 2,40,000 | 2,70,000 | 3,00,000 | 90,000 |
| मज़दूरी | 34,000 | 21,900 | 9,000 | 2,300 |
| ह्रास | 14,000 | 18,000 | 23,000 | 5,000 |
| आरंभिक स्टॉक | 99,000 | 1,08,000 | 1,26,000 | 72,000 |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(1) कंपनी की यह परंपरा है कि स्टॉक को लागत कीमत से 10% कम आँका जाता है ।

(2) ₹ 20,000 का माल आग से बचा लिया गया और आग बुझाने का खर्च ₹ 5,000 हुआ है ।

(3) माल का ₹ 35,000 का बीमा लिया गया है ।

**अथवा**

2. निम्न विवरणों से लाभ की हानि के दावे की राशि की गणना कीजिए : **14**

(1) आग लगने की तारीख 1-4-2023

(2) क्षतिपूर्ति समय 3 माह

(3) बीमा की रकम ₹ 2,50,000

(4) वर्ष 2022 का शुद्ध लाभ ₹ 1,50,000 था ।

(5) वर्ष 2022 के स्थिर खर्चे ₹ 30,000 थे ।

(6) वर्ष 2022 का विक्रय ₹ 9,00,000 था ।

(7) 1-4-2022 से 31-3-2023 तक का विक्रय ₹ 10,00,000 था ।

(8) विक्रय से संबंधित डेटा :

| माह | 2022 (₹) | 2023 (₹) |
|---|---|---|
| अप्रैल | 70,000 | 20,000 |
| मई | 80,000 | 25,000 |
| जून | 50,000 | 30,000 |

(9) यह अनुमान है कि पिछले वर्ष की तुलना में विक्रय में 25% की और लाभ में 2% की वृद्धि होगी ।

(10) आग बुझाने के लिए ₹ 10,000 खर्च किए गए ।

3. अंजू अपने खाते एकल प्रविष्टि पद्धति के अनुसार रखती है । निम्न जानकारियों से ता. 31-3-2024 को समाप्त होते वर्ष के लिए वार्षिक हिसाब तैयार कीजिए : **14**

(1) परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण :

| विवरण | 1-4-2023 (₹) | 31-3-2024 (₹) |
|---|---|---|
| भूमि–भवन | 7,50,000 | 6,60,000 |
| प्लांट–मशीनरी | 9,00,000 | 8,32,500 |
| देनदार | 8,25,000 | 6,09,375 |
| लेनदार | 3,75,000 | 7,50,000 |
| प्राप्य हुंडियाँ | 4,50,000 | 3,00,000 |
| देय हुंडियाँ | 3,00,000 | 4,50,000 |
| रोकड़ शेष | 3,18,750 | ( ?) |
| स्टॉक | 3,75,000 | 3,75,000 |

(2) 31-3-2024 को समाप्त होते वर्ष के लिए रोकड़ व्यवहार :

| विवरण | (₹) |
|---|---|
| वेतन भुगतान | 2,25,000 |
| मजदूरी भुगतान | 1,50,000 |
| विविध खर्च भुगतान | 75,000 |
| आहरण | 1,50,000 |
| बीमा प्रीमियम भुगतान | 75,000 |
| प्राप्य हुंडियों पर संग्रह | 9,00,000 |
| देनदारों से वसूली (₹ 93,750 की डूबत ऋण वसूली शामिल) | 23,43,750 |
| देय हुंडियों पर भुगतान | 4,50,000 |
| लेनदारों को भुगतान | 11,25,000 |

(3) अतिरिक्त सूचनाएँ :

| विवरण | (₹) |
|---|---|
| विक्रय वापसी | 1,50,000 |
| खरीद वापसी | 75,000 |
| प्राप्त छूट | 75,000 |
| अनुमत छूट | 65,625 |

(4) समायोजन :

(i) आरंभिक पूँजी पर 10% ब्याज की गणना कीजिए ।

(ii) देनदारों पर 10% डूबत ऋण अनामत की गणना कीजिए ।

(iii) कोई रोकड़ खरीद या रोकड़ बिक्री नहीं है ।

**अथवा**

3. (A) एकल प्रविष्टि पद्धति और द्वि–प्रविष्टि पद्धति के मध्य अंतर समझाइए । **7**

(B) एकल प्रविष्टि पद्धति के लाभों को समझाइए । **7**

4. 1-1-2024 को एक कार विपुल से भाड़ा–खरीद पद्धति पर अक्षत ने खरीदी । भाड़ा–खरीद पद्धति के अंतर्गत हुए व्यवहार निम्न हैं : **14**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | रोकड़ कीमत | ₹ 11,00,000 |
| (2) | 1-1-2024 को डाउन पेमेन्ट | ₹ 2,00,000 |
| (3) | 31-12-2024 को प्रथम किस्त | ₹ 4,00,000 |
| (4) | 31-12-2025 को द्वितीय किस्त | ₹ 3,00,000 |
| (5) | 31-12-2026 को तृतीय किस्त | ₹ 2,00,000 |
| (6) | 31-12-2027 को चतुर्थ किस्त | ₹ 1,00,000 |

(7) ह्रास दर सीधी रेखा पद्धति से 10% प्रति वर्ष है ।

(8) दोनों पक्षकारों का लेखांकन वर्ष प्रत्येक वर्ष 31 दिसम्बर को समाप्त होता है ।

उपरोक्त विवरणों से :

(i) अक्षत की किताबों में कार खाता तैयार कीजिए ।

(ii) विपुल की किताबों में प्रथम वर्ष के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए ।

**अथवा**

4. मनीष ने एक एक्टिवा ता. 1-4-2024 को भाड़ा–खरीद पद्धति पर होण्डा ऑटोमोबाइल लि. से खरीदी । एक्टिवा की रोकड़ कीमत ₹ 80,000 है । उसने करार के समय ₹ 16,000 दिए और बाकी राशि 10% ब्याज सहित वार्षिक चार किस्तों में निम्नानुसार चुकाई : **14**

| **तारीख** | **किस्त की रकम ₹** |
|---|---|
| 31-3-2025 | 22,400 |
| 31-3-2026 | 20,800 |
| 31-3-2027 | 19,200 |
| 31-3-2028 | 17,600 |

ह्रास की गणना ह्रासित–मूल्य पद्धति द्वारा वार्षिक 10% की दर से की जाएगी । मनीष अपने खाते प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को बंद करता है ।

उपरोक्त सूचनाओं से मनीष की किताबों में एक्टिवा खाता तैयार कीजिए ।

5. बहुविकल्पीय प्रश्न : (कोई **सात**) **14**

(1) निवेश पर ब्याज ________ पर गिना जाता है ।

(a) दार्शनिक कीमत (b) पूँजी कीमत

(c) (a) एवं (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

(2) राकेश ने ₹ 50,000 के 12% डिबेन्चर कमलेश लि. के पास से अभिषेक स्टॉक ब्रोकिंग प्रा. लि. द्वारा खरीदे, तो 12% डिबेंचर खाता कौन बनाएगा ?

(a) कमलेश लि. (b) राकेश

(c) अभिषेक स्टॉक ब्रोकिंग प्रा. लि. (d) सेबी

(3) 1-4-24 को राहुल ने 12% के ₹ 20,000 के डिबेन्चर ₹ 102 के भाव से ब्याज सहित खरीदे । उसने दलाली बाजार कीमत पर 1% से भुगतान की । ब्याज देने की तारीख 30 जून और 31 दिसम्बर है । डिबेन्चर का लागत मूल्य क्या होगा ?

(a) ₹ 20,800 (b) ₹ 19,200

(c) ₹ 20,004 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(4) एक कारखाने में 30-4-2024 को आग लगी । यदि वर्ष 2021, 2022 और 2023 की सकल लाभ दर क्रमश: 15%, 18% एवं 21% है, तो वर्ष 2024 की सकल लाभ दर क्या होगी ?

(a) 21% (b) 15%

(c) 22% (d) 18%

(5) आरंभिक स्टॉक ₹ 50,000, खरीदी ₹ 3,00,000, विक्रय ₹ 4,00,000, बचाया गया माल ₹ 20,000 एवं विक्रय पर सकल लाभ की दर 25% है तो जले हुए माल का मूल्य क्या होगा ?

(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 35,000

(c) ₹ 25,000 (d) ₹ 30,000

(6) यदि मानक विक्रय ₹ 1,50,000, वार्षिक विक्रय ₹ 3,00,000 और क्षतिपूर्ति समय के दौरान विक्रय ₹ 80,000 है, तो कम विक्रय की राशि क्या होगी ?

(a) ₹ 1,50,000 (b) ₹ 2,20,000

(c) ₹ 70,000 (d) ₹ 2,30,000

(7) उधार खरीदी ज्ञात करने के लिए कौन सा खाता तैयार किया जाता है ?

(a) देनदार खाता (b) लेनदार खाता

(c) प्राप्य हुंडी खाता (d) देय हुंडी खाता

(8) डूबत ऋण को किस खाते में उधार किया जाता है ?

(a) लाभ एवं हानि खाता (b) लेनदार खाता

(c) देनदार खाता (d) प्राप्य हुंडी खाता

(9) आरंभिक शेष : स्टॉक ₹ 10,000, स्थिर परिसम्पत्तियाँ ₹ 1,00,000, देनदार ₹ 50,000, प्राप्य हुंडी ₹ 15,000, रोकड़ ₹ 25,000, लेनदार ₹ 30,000, देय हुंडी ₹ 20,000 हैं । आरंभिक पूँजी की राशि _________ होगी ।

(a) ₹ 1,50,000 (b) ₹ 2,00,000

(c) ₹ 2,50,000 (d) ₹ 1,00,000

(10) भाड़ा-खरीद पद्धति में ह्रास की गणना __________ पर की जाती है ।

(a) खरीदी कीमत (b) रोकड़ कीमत

(c) ब्याज (d) बाजार कीमत

(11) वर्ष के अंत में, ब्याज खाते को बंद करके __________ खाते में अंतरित किया जाता है ।

(a) परिसम्पत्ति (b) खरीदार

(c) लाभ एवं हानि (d) विक्रेता

(12) 'A' ने एक मशीन 'B' लि. से ता. 1-4-24 को भाड़ा-खरीद पद्धति से खरीदी । करार की शर्तों के अनुसार ₹ 25,000 करार के समय दिया और ब्याज सहित तीन किस्तों की कुल राशि का भुगतान ₹ 90,000 किया । कुल ब्याज की रकम ₹ 15,000 है । मशीन की रोकड़ कीमत क्या होगी ?

(a) ₹ 1,30,000 (b) ₹ 1,20,000

(c) ₹ 80,000 (d) ₹ 1,00,000